**अपनी संतान से बातचीत करते समय यह महत्वपूर्ण हैं कि आप अपने घर पर बोली जाने वाली भाषा का प्रयोग करें। आपकी संतान गणित संबंधी समझबूझ विकसित करने के बाद अंग्रेज़ी के शब्द सीख सकती हैं।**

आप अपनी संतान को उसके आसपास मौजूद चीज़ों पर ध्यान देने और उनके बारे में बात करने में उसकी मदद कर सकते/सकती हैं। वे जल्द ही अपने रोज़मर्रा के जीवन में न्यूमरेसी का प्रयोग करने से सम्बन्धित आत्म-विश्वास विकसित करेंगे।

- न्यूमरेसी वास्तविक वस्तुओं के साथ गणित से जुड़े विचारों के बारे में बातचीत करना हैं।
- न्यूमरेसी गिनती करने और संख्याओं के बारे में जानने के अलावा और भी बहुत कुछ हैं।
- न्यूमरेसी स्कूली गणित के अलावा और भी बहुत कुछ हैं।
- न्यूमरेसी को लेकर सकारात्मक रवैया रखने से आपकी संतान को मदद मिलती हैं।




## और अधिक जानकारी

अपनी संतान की न्यूमरेसी शिक्षा में सहायता कैसे करें, इससे संबंधित और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

**www.education.sa.gov.au/parenting/greatstart**

f EDU.SAGOV



Government of South Australia
Department for Education

Hindi / हिन्दी

# GreatStart

हर रोज़ न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान) और लिटरेसी (साक्षरता) सीखना

# न्यूमेरसी (अंक-ज्ञान)



**www.education.sa.gov.au/parenting/greatstart**

उन परिवारों के लिए वेबसाइट जिनके नवजात शिशु से लेकर 5 साल की आयु वाले छोटे बच्चे हैं।

Government of South Australia
Department for Education

# रोज़मर्रा के जीवन में गणित का प्रयोग करने की क्षमता और आत्म-विश्वास को न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान) कहते हैं।

आप अपनी संतान को उसके आसपास मौजूद चीज़ों पर ध्यान देने और उनके बारे में गणित से जुड़ी बातचीत करके न्यूमरेसी कौशल का विकास करने में उसकी मदद कर सकते/सकती हैं!

## शिशु

जन्म लेते ही आपका शिशु अपनी दुनिया को खोजना शुरू कर देता है। रेंग कर वस्तुओं तक पहुँचते समय या वस्तुओं के बीच में खुद को फंसाते समय, वे गणित संबंधी सोच-विचार का प्रयोग करता है। जो वह कर रहे होते हैं, यदि आप उसे बोलें तो इससे उन्हें शब्दों का मेल अपनी चाल-डाल से करने में मदद मिलती है, जैसे कि "तुम बहुत ऊपर हो," "पल्टी खाओ और पल्टी खाओ," तथा "कालीन के नीचे छिप जाओ।"

### न्यूमरेसी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे बहुत सी गतिविधियाँ हैं जिन्हें आप घर पर कर सकते/सकती हैं।

- ऐसे खेल खेलें जिनमें चीज़ें गायब होती हैं और फिर सामने आती हैं, जैसे पीकाबू।
- नहाने के स्थान पर बहुत से डिब्बे रखें ताकि आपका शिशु इन्हें भर सके, उड़ेल सके और फिर खाली कर सके।
- हिलने-डुलने वाली और लटकती वस्तुएँ रखें ताकि आपका शिशु इनतक पहुँचे, इनकी ओर बढ़कर इन्हें खींचे।
- ऐसे बाल-गीत गाएँ जिनमें स्थिति, दिशा और संख्या से सम्बन्धित शब्दों का प्रयोग हो जैसे कि।
- ऑब्स्टेकल कोर्स सेट अप करें जिसपर आपका शिशु चढ़े-उतरे।
- डिब्बे और वस्तुएँ रखें जिन्हें एक दूसरे में डाला जा सके।
- सैर करते समय या तस्वीरें देखते समय वस्तुओं की ओर इशारा करें जिन्हें आपका शिशु देखे और विस्मित हो जाए।

### अधिक विचारों के लिए, इन GreatStart गतिविधियों पर नज़र डालें।

- Playing with balls
- Jumping over puddles
- Moving with maths
- I spy with my little eye
- Rolling down the hill
- Baby obstacle course



## छोटे बच्चे (2 से 3 साल की आयु)

इस समयावधि में आपके छोटे बच्चे का दिमाग विकास कर रहा होता है और नए रास्तों का निर्माण कर रहा होता है। जब आपका छोटा बच्चा वास्तविक वस्तुओं को छुए और इनसे खेले, तो इनके बारे में उससे बात करने से उसे गणित संबंधी विचारों का अर्थ लगाने में मदद मिलेगी। जल्द ही वे उन चीज़ों और कार्यों का वर्णन करने के लिए गणित संबंधी शब्दों का प्रयोग करना शुरू कर देंगे जिनपर वे ध्यान दे रहे होते हैं या जो काम वे कर रहे होते हैं।

### न्यूमरेसी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे बहुत सी गतिविधियाँ हैं जिन्हें आप घर पर कर सकते/सकती हैं।

- पार्क में जाएँ और उन अलग-अलग तरीकों के बारे में बात करें जिनमें आप हरकत कर सकते हैं – ऊपर से/नीचे से जाना, ऊँचे/नीचे जाना, पास/दूर जाना।
- क्रमवार करने के लिए प्राकृतिक वस्तुएँ इकट्ठी करें जैसे कि सीप, डंडियाँ, पत्थर या पत्ते।
- उन्हें रेत या गीली मिट्टी दें ताकि उन्हें गीली मिट्टी की टिकियों के आकार, भार और इनकी संख्याओं और छेदों की गहराई की खोज करने में मदद मिले।
- कपड़े धोने के समय अपनी संतान से मोज़े के जोड़ों का मेल करके मदद करने को कहें और सैर करते समय मेल खाती वस्तुएँ ढूँढने के लिए कहें।
- शेल्फ में सामग्री खोज कर या एक जैसी 2 वस्तुएँ ढूँढ कर वे शॉपिंग के समय आपकी मदद कर सकते हैं।
- दिन के समय और इस बारे में बात करें कि आगे क्या-क्या होगा।
- अपनी संतान को चीज़ों का निर्माण करने और ढेर लगाने के लिए बढ़ावा दें ताकि वह आकार, आकृति, दिशा, संख्या और स्थान की खोजबीन कर सके।

### अधिक विचारों के लिए, इन GreatStart गतिविधियों पर नज़र डालें।

- We went walking
- Collections
- Watering the garden
- Pouring a drink
- Friday night dance party
- Setting the table




## प्रीस्कूलर्स (3 से 5 साल की आयु)

इस समयावधि में आपकी संतान के दिमाग में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे होते हैं। दूसरे बच्चों के साथ खेलते समय वे समस्या का समाधान करने के लिए गणित संबंधी शब्द सुनते और इनका प्रयोग कर रहे होते हैं। हो सकता है कि वे चीज़ों का वर्णन करें, इन्हें क्रमवार करें या इनकी तुलना करें कि कौन सी चीज़ सबसे बड़ी है या किस वर्ग के पास ज्यादा चीज़ें हैं। जब आप 'बोल-बोल कर' सोच-विचार करते/करती हैं, तो आपकी संतान समस्या का समाधान करने के आपके तरीके से सीखेगी।

### न्यूमरेसी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे बहुत सी गतिविधियाँ हैं जिन्हें आप घर पर कर सकते/सकती हैं।

- अपनी संतान को खाने की टेबल सजाने और भोजन बनाते समय सामग्री मापने में मदद देने के लिए बढ़ावा दें।
- किताबें पढ़ने और साथ में बोर्ड गेम्स खेलने के लिए परिवार में एकसाथ समय निकालें।
- मिलकर विज्ञापन सामग्री पढ़ें और उन चीज़ों की तलाश करें जो एक जैसी हों।
- कोई कहानी पढ़ते समय और फिल्म देखते समय यह पूछें, "आगे क्या होगा?"
- सैर करते समय आप जो चीज़ें इकट्ठी करते हैं उनकी बार-बार आकृति बनाएँ।
- इन बातों पर ध्यान दें और इनके बारे में सोचें – मौसम, कौन सा कीचड़ सबसे गहरा है, आपकी संतान की छाया कहाँ जाती है, कुछ पत्तों के साथ क्या हो रहा है।
- अपने यार्ड का नक्शा बनायें और ख़ज़ाने की तलाश करें।
- ऐसा सवाल पूछें, "क्या भोजन मेरे डिब्बे में आएगा?" "हर कोई एक केला खा सके, इसके लिए हमें कितने केले चाहिए होंगे?"

### अधिक विचारों के लिए, इन GreatStart गतिविधियों पर नज़र डालें।

- How tall am I?
- Where should we park?
- Calendars
- What is the weather today?
- Planting a seed
- How many do you think are in there?

